
चेतकपुरी पर धसकी रोड के हाल


हरीशंकरपुरम में बैसमेंट पानी से लबालब


महाराज बाड़े पर भी दरिया के नजारे

# रात भर बारिश का कहर , शहर में मचा हाहाकार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** बारिश के दौर में जलभराव आम समस्या हो गई। जिसे लेकर निगम अफसर गंभीर नहीं हैं। रविवार रात के समय में जलभराव के कारण लोगों की नीद तक उड़ गई, पर निगम अफसर आराम से सोते रहे। रातभर

**बारिश के चलते शहर के कई इलाके हुए जलमग्न**

में जलभराव के 25 कॉल निगम फायर स्टेशन पर पहुंचे, जहां जलभराव की शिकायत लोगों के द्वारा की गई। जून माह से बारिश जमकर हो रही है, जिससे अब शहर में जलभराव की समस्या आम हो गई है। हालात यह है कि न सिर्फ सड़कों पर जलभराव हो रहा है, बल्कि घरों व बैसमेंट तक में पानी भर रहा है। जिससे लोग रात में अपने घरों में सो तक नहीं पाए इसके वावजूद अफसर जलभराव की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। देर रात बारिश के कारण हुए जलभराव के निदान के लिए फायर स्टेशन पर करीब 25 कॉल किए गए, लेकिन समस्या का निदान नहीं हो सका। यहां फायर स्टेशन की टीम सुबह तक लोगों के घरों से पानी निकालती रही। निगम आयुत ने यहां स्थान चिड़ित करने के आदेश निकालते हुए सिर्फ जिम्मेदारी तय की, पर इसकी मॉनीटरिंग नहीं की जा रही हैं।


झाड़ू वाले मोहल्ले में घर से पानी निकालती महिला

चेतकपुरी सड़क को ग्वालियर में एक मॉडल के तौर पर बनाकर तैयार किया गया था। जिसमें नगर निगम ने 18 करोड़ रुपए खर्च किए थे। सड़क बने हुए एक माह भी नहीं बीता था कि पहली ही बारिश में यह धंसक गई। जिसे निगम अफसरों ने गिट्टी भरवा दी.

### स्थान चिह्नित फिर भी जलभराव का निदान नहीं

शहर के करीब एक दर्जन से ज्यादा स्थानों को जलभराव के लिए विद्वित किया गया है, लेकिन इसका स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। आयुक्त संघ प्रिय ने हाल ही में आदेश जारी कर सहायक यंत्रियों समेत अन्य की डयूटी लगाई थी, जिन्हें जलभराव की समस्या का निराकरण करना था। आयुक्त के आदेश के बाद भी इस पर अमल नहीं हो रहा है, क्योंकि जलभराव की मॉनीटरिंग ही नहीं की जा रही हैं।

### चेतकपुरी सड़क छठवीं बार धंसकी, 4.9 करोड़ में निगम ने खोदी खाई

भ्रष्टाचार की पोल खोलती चेतकपुरी रोड बारिश की मार से फिर धसक गई। सड़क बारिश लगातार होने से जगह-जगह से धसकना शुरू हो गई। बारिश के चलते सड़क की गुणवता भी सामने आई एवं बेहतर सड़क के रूप में प्रदर्शित कर रही है। लेकिन अब निगम अफसर सड़क धंसकने के बाद सामने आने को तैयार नहीं निगम आयुक्त ने सड़क धंसकने के बाद मामले में उपयंत्री आशीष राजपूत की तो सस्पेंड कर दिया। लेकिन सड़क निर्माण के असल व अहम जिम्मेदारों पर खास कार्रवाई नहीं की। जिनमें अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्री से लेकर सहायक यंत्री तक शामिल हैं। खास बात यह रही है कि निगम आयुक्त ने मामले में ठेकेदार पर भी कार्रवाई नहीं की, न ती घटिया सड़क बनाने पर जुर्माना किया और न ही उसे ब्लैक लिस्टेड करने की तैयारी की।

### इन जगहों पर घरों में भरा पानी



शहर में ऐसे तो सड़कों पर बारिश से जलभराव हुआ, जो मंगलवार की सुबह तक रहा। इसके अलावा मोहल्लों व कॉलोनियों में भी जलभराव की समस्या आई। इनमें डोडी नगर, आदित्यपुरम, हरिशंकरपुरम, चिरवाई नाका, झाड़ू वाला मोहल्ला, धोसीपुरा, ए ब्लॉक तिकोनिया पार्क, आनंद नगर, जेल रोड तिराहा, जाधव कॉलोनी बहोडापुर, रामाजी का पूरा, फूल बाग चौराहा, आकाशवाणी तिराहा, ऊंटपुल समेत अन्य कॉलोनी शामिल हैं।

### अब कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

शहर में निगम व प्रशासन की छवि चेतकपुरी सड़क धंसकने के बाद खराब हुई। जिसमें निगम अफसरों के भ्रष्टाचार व ठेकेदार के घटिया निर्माण की चर्चा है। अब मामले में कलेक्टर रूचिका चौहान ने जांच के आदेश दिए हैं। जिसमें जांच की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी ईई देवेंद्र भदौरिया, पीएमजीएसवाय के जीएम एमआई कुरेशी को दी गई। जिन्हें 5 दिन के भीतर घटिया सड़क के जिम्मेदारी की कमियों को उजागर कर रिपोर्ट पेश करनी है।

### पटेल नगर में दीवार ढही, झांसी रोड पर खंभे से फैला करंट

शहर के सिटी सेंटर स्थित पटेल नगर में बारिश के चलते एक दीवार गिर गई. हालांकि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन इससे खतरा बढ़ गया है, क्योंकि शहर में ऐसे कई जर्जर भवन व इमारतें हैं जो कभी भी गिर सकती है और बड़ी जनहानि को न्योता दे सकती हैं। वहीं झांसी रोड थाने के पास खंभे में फॉल्ट हो गया, जिससे उसके आस-पास करंट फैल गया। हालांकि रात होने के कारण यहां भी किसी भी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई।

18 करोड़ के प्रोजेक्ट में शामिल चेतकपुरी सड़क को बनाने में 4.9 करोड़ रुपए खर्च किए गए, जिसमें निगम अफसरों ने ठेकेदार के साथ मिलकर सड़क के बजाए लोगों के लिए खाई खोदी। ऐसा हम इसलिए कह रहे है, क्योंकि उक्त सड़क बनने के बाद एक माह भी नहीं चल पाई और धंसक गई, जिसमें कई मीटर गहरे बड़े-बड़े गड़?ढे हो गए। बीते रोज सड़क छठवीं बार धंसकी है। जिसे लेकर कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए।



# एसपी की जनसुनवाई में महिला ने पिया फिनाइल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** मंगलवार की दोपहर पुलिस जनसुनवाई में पहुंची एक 35 वर्षीय की महिला ने फिनाइल पी लिया। आनन-फानन में महिला को उपचार के लिये जेएएच के पॉइजन वार्ड भर्ती कराया गया है। महिला काफी समय से अपने और बच्चों के साथ हुई गलत हरकत को लेकर मामला दर्ज कराने के लिये माधौगंज थाना

**नाबालिग बेटा-बेटी के साथ गलत हरकत की शिकायत नहीं लिखने से थी परेशान**

और महिला थाने के चक्कर काट रही थी। लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही थी।

जब महिला का सब्र टूट गया तो उसने मंगलवार को एसपी ऑफिस में चल रही जनसुनवाई में पहुंचकर यह कदम उठाया। अब इस घटना पर पुलिस अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वह महिला को बुला रहे थे। लेकिन वह नहीं आ रही थी।

**क्या है मामला-** दिल्ली निवासी 35 वर्षीय महिला की शादी साल 2009 में सिकंदर कंपू निवासी युवक से हुई थी। महिला के दो बच्चे हैं। जिसमें बेटी की उम्र 15 साल है और बेटे की उम्र 13 साल है। साल 2021 में महिला के पति का देहांत हो गया था, तभी से महिला मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। महिला ने बताया है कि चार साल पहले दिल्ली से उसके पहचान वाले आशीष मेहता व पुनीत कुमार आए थे। वह बच्चों को दिल्ली पढ़ाई और काम के लिए ले गए थे। लेकिन रास्ते और दिल्ली पहुंचकर हमारा शारीरिक शोषण किया था।

बच्चों के साथ गलत हरकत की थी। जिसके बाद मैं अपने बच्चों को वापस ले आई थी। उसी मामले में मैं लगातार माधौगंज थाना और महिला थाना के चक्कर लगा रही थी। पर पुलिस मेरी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। बार-बार माधौगंज थाना से भगा दिया जाता था। महिला का कहना है कि वह परेशान हो चुकी थी।

### जनसुनवाई पहुंचकर पी लिया फिनाइल

मंगलवार का महिला अपने बेटा-बेटी के साथ एसपी की जनसुनवाई में पहुंची। यहां महिला ने शिकायत की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर उसने साथ लायी फिनाइल की बोतल खोली और पी लिया। यह देख वहां मौजूद पुलिस जवान व अधिकारियों के हाथ पांव फूल गये। आनन-फानन में महिला और उसके बच्चों को तत्ताकल पुलिय वाहन से जेएएच पहुंचाया गया है। जहां महिला को पॉइजन वार्ड में भर्ती कर लिया गया है।

# दहेज के लिए इतना सताया कि शादी के दो माह बाद ही दे दी जान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** नवविवाहिता को ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर इतना सताया कि तंग आकर उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना पांच दिन पूर्व की कंपू थाना इलाके की है, जिसमें पुलिस द्वारा जांच उपरांत पति सहित सास ससुर व जेठ को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

कंपू थाना क्षेत्रांतर्गत नई बस्ती खजांची बाबा की दरगाह पर रहने वाली नवविवाहिता शबनम बानो ने बीती 25 जून की दोपहर अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पीएम हेतु पहुंचाने के उपरांत तत्समय मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया था। चूंकि मामला नवविवाहिता की मौत से जुड़ा था, जिससे इंदरगंज सर्किल सीएसपी रॉबिन जैन द्वारा केस की पड़ताल की गई। जिन्होंने मृतका के रिश्तदारों एवं आस पड़ोस में रहने वाले लोगों से पूछताछ की, तो सामने आया, कि मृतका को पति शेर खान, ससुर अयूब खान, सास नाजरा खान व जेठ ईदुल खान द्वारा मायके से दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था। इससे तंग आकर ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। उक्त हकीकत सामने आते ही पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकही है।

पुलिस विवेचना में सामने आया है कि शबनम और शेर खान की शादी महज दो माह पूर्व ही हुई थी। शबनम के परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान- दहेज भी दिया था, उसके बावजूद शादी के बाद ससुराल पहुंचते ही पति व उसके परिजनों द्वारा उस पर मायके से और दहेज लाने के लिए दबाव बनाया जाने लगा।

# मुरैना में वायरल वीडियो की घटना आईजी चंबल को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** कुशवाहा समाज के वरिष्ठ नेता सुग्रीव सिंह कुशवाह समाज के साथ चंबल आईजी ऑफिस पहुंचे सुग्रीव सिंह ने बताया कि 29 जून को रामबरन कुशवाहा के साथ चार आरोपियों द्वारा मारपीट कर उसके पैरों पर पत्थर पटक रहे थे ऐसा वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हुआ था इसमें अभी सिर्फ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा एक अन्य आरोपी जो रामबरन कुशवाहा के ऊपर पत्थर पटक रहा है वह बंटी उर्फ दीपू जादौन है राजनीतिक दवाव के कारण एफ आई आर में उसका नाम दर्ज नहीं किया गया जो अभी तक फरार है इस संपूर्ण घटना से रुष्ट होकर कुशवाहा समाज एवं फुलेआर्मी ने चंबल संभाग आईजी को ज्ञापन पत्र सौप कर सभी कार्यकर्ता डीआईजी चंबल संभाग सुशील कुमार जैन मोती महल पर उनके कार्यालय पर पहुंचे और उनसे मुलाकात की उन्होंने कुशवाह समाज को आश्वासन दिलाया कि शीघ्र ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा एवं गिरफ्तारी न होने की दशा में उनके ऊपर इनाम की राशि रख दी जाएगी तथा जो आरोपी रामबरन कुशवाहा के ऊपर पत्थर पटक रहा है वह एफ आई आर से बच गया है तो उसको जल्द ही अरेस्ट कर एफ आईआर दर्ज कर ली जाएगी मौके पर ही उन्होंने उन आरोपियों की इनाम रखने की घोषणा की तब जाकर आंदोलन समाप्त हुआ इस मौके पर महेश कुशवाहा (अध्यक्ष फुले) आर्मी, राम अवतार कुशवाहा, बालकिशन कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, प्रेम नारायण कुशवाहा, गणेशी लाल कुशवाहा परसोत्तम कुशवाहा, माता दीन, मुरैना रेवती नंदन कुशवाहा,सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे





# चिकित्सक दिवस पर डॉ . प्रकाश वीर आर्य सम्मानित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य पर लायन क्लब दिशा द्वारा एक भव्य समारोह में ग्वालियर के वरिष्ट बाल्य, शिशु रोग और किशोर विशेषज्ञ एडोलसेंट हेल्थ अकादमी के राष्ट्रीय सचिव डॉ प्रकाश वीर आर्य को उनके सराहनीय कार्य और उपलब्धियों के लिए मल्यार्पण कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर क्लब की कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

इस कार्य क्रम में अपने उद्बोधन में डॉ प्रकाश वीर आर्य ने सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने की सलाह दी , प्रिवेंशन सदैव इलाज़ कराने से बेहतर है इस बात को अच्छी तरह से समझाया तथा सदैब खुश रहो और खुशी बांटते रहो के मूल मंत्र को साझा किया निस्वार्थ भाव से की गई मदद एक साइकिल के रूप में आप तक अवश्य पहुंच जाती है।

इस कार्य क्रम मैं ग्वालियर शहर के अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ बी आर श्रीवास्तव , डॉ ए एस भल्ला, डॉ भसीन, डॉ ब्रजेश सिंहल , डॉ स्नेह लता दुबे , डॉ श्वेता महेश वरी आदि समेत को भी सम्मानित किया गया।

# सथौली रेल स्प्रिंग कारखाने में सेवानिवृत्ति समारोह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली जो वर्ष 1989 में स्थापित देश का एकमात्र रेल स्प्रिंग निर्माण इकाई है

30 जून को सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। यह कारखाना भारतीय रेल के लिए उपयोगी विभिन्न प्रकार के स्प्रिंगों का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक से करता है, जिनकी गुणवत्ता पूरे देश में चल रही ट्रेनों के संचालन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

समारोह की अध्यक्षता मुख्य कारखाना प्रबंधक शिवाजी कदम ने की। इस अवसर पर उप मुख्य यांत्रिक अभियंता भानु प्रताप सिंह तथा सहायक कार्य प्रबंधक धनंजय रहालकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में रेल स्प्रिंग कारखाना के निम्नलिखित पांच कर्मियों को उनके दीर्घकालिक एवं समर्पित सेवाओं के उपरांत सेवा निवृत किया गया सभी कार्मिकों ने अपने कार्यकाल में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कीं, जो रेल स्प्रिंग कारखाने के सतत विकास और सफलता में सदैव स्मरणीय रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन ब्रजकिशोर दीक्षित द्वारा किया गया।



### ये कर्मचारी हुए सेवानिवृत

गजेन्द्र सिंह भदौरिया-वरिष्ठ तकनीशियन, डी. एस. त्रिवेदी- वरिष्ठ तकनीशियन, राजेश कुमार मिश्रा-वरिष्ठ तकनीशियन, रविन्द्र पाल सिंह राजपूत- वरिष्ठ तकनीशियन- रामेन्द्र सिंह तोमर- तकनीशियन



# महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित

**ग्वालियर 1 जुलाई.** महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मीनू परिहार के अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी कार्यालय शिंदे की छावनी पर महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीनू परिहार ने द्वारा कहा कि कांग्रेस पार्टी हर वर्ग के लिए काम करती है म हिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए सकारात्मक रवैया अपनाना होगा जिससे महिलाओं की भागीदारी बड सके महिलाओं को उनके हक और न्याय की जानकारी नहीं होती है इसलिए उन्हें जागरूक करना होगा हमें किसान युवा मजदूर गरीब पिछड़े और दलित महिलाओं के लिए आवाज उठानी होगी साथ ही सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वह अपने वार्डों में महिलाओं को जागरूक करने का कार्य करें बैठक में सीमा समाधिया गीता गुप्ता मिथलेश यादव तृप्ति चौहान साधना श्रीवास्तव रानू शर्मा मिथिलेश चौहान सायरा बानो मनीषा खान गीता शर्मा सरिता शर्मा ममता सिकरवार कोमल सिकरवार सायरा देवयानी सेठ राजकुमारी मंडेलिया राधिका परिना सिंह वर्षा अर्चना पलिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रही.

# अब ग्वालियर में भी कैंसर पेन और पैलिएटिव केयर की सुविधा मरीजों को मिलेगा सम्मानजनक जीवन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** अब कैंसर जैसे गंभीर रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक राहतभरी खबर सामने आई है। ग्वालियर में अब कैंसर पेन मैनेजमेंट और पैलिएटिव केयर जैसी अत्याधुनिक सेवाएँ उपलब्ध हो गई हैं। यह सुविधा उन मरीजों के लिए जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आई है जो लंबे समय से असहनीय दर्द और पीड़ा का सामना कर रहे थे। विशेषज्ञ डॉ. अदिति खरे ने बताया कि किसी भी जानलेवा बीमारी, विशेषकर कैंसर के दौरान होने वाला दर्द मरीज और उसके परिवार के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से अत्यंत पीड़ादायक होता है। इस समय पैलिएटिव केयर न केवल दर्द को कम करता है, बल्कि मरीज को एक सम्मानजनक, सहज और भावनात्मक रूप से स्थिर जीवन जीने में भी सहायता करता है। डॉ. अदिति के अनुसार, यह सेवाएं पहले देश के कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित थीं, लेकिन अब ग्वालियर जैसे विकसित होते शहर में इनकी शुरुआत एक स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है। इस सुविधा के अंतर्गत कैंसर, लिवर फेल्योर, किडनी डिजीज और अन्य लाइफटाइम बीमारियों से ग्रसित मरीजों को समग्र देखभाल प्रदान की जाएगी, जिसमें दर्द निवारण के साथ-साथ उनके मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक पक्ष का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह सेवा उन मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं जो अपने जीवन के अंतिम चरण में भी सम्मान और सुकून के साथ जीना चाहते हैं।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### हेमंत खंडेलवाल भाजपा के नए अध्यक्ष

पहली बार बैतूल जिले से बना प्रदेश अध्यक्ष : हमंत खंडेलवाल बैतूल के ऐसे पहले नेता हैं, जिन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने का मौका मिला है . बैतूल जिले से इस बार अध्यक्ष पद के लिये दो तगड़े दावेदार थे, इनमें खंडेलवाल के अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके का नाम भी शामिल था, लेकिन अंत समय तक खंडेलवाल इस दौड़ में लगातार आगे बने रहे और सभी अटकलों पर विराम लगा दिया .

सांसद की बजाय विधायक को मिला मौका : **पिछले तीन दशक से भी अधिक** समय तक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामान्य तौर पर सांसदों को ही प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा था, इस तरह से ये लगभग अब परंपरा और रिवाज की शक्ल ले लिया था, लेकिन खंडेलवाल के अध्यक्ष बनने से ये परंपरा भी अब टूट गया . इस बार सांसद के स्थान पर विधायक को मौका दिया गया है .

**सांसद बनकर शुरू की राजनीतिक पारी :** हेमंत खंडेलवाल पिता विजय खंडेलवाल की असामयिक मृत्यु के बाद राजनीति में आये . उनके पिता बैतूल संसदीय क्षेत्र के सांसद थे, जिसकी असमय मृत्यु के बाद यहां वर्ष 2008-9 में उपचुनाव कराने की नौबत आई, जिसमें खंडेलवाल विजयी हुए और इस तरह उनकी राजनीतिक पारी शुरू हुई . 3 सितंबर 1064 को मथुरा उत्तरप्रदेश में जन्मे खंडेलवाल ने बीकाम, एलएलबी किया है . वर्ष 2013 से वे बैतूल विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक निर्वाचित हुए हैं . खंडेलवाल बैतूल जिला भाजपा अध्यक्ष के अलावा भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं . मौजूदा समय में वे कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं .


भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD
विज्ञापन संख्या- RBISB/BA/01/2025-26

**भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं) में पूर्णकालिक अनुबंध पर समन्वय अधिकारियों (Liaison Officers) की लेटरल भर्ती**

भारतीय रिज़र्व बैंक में पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर सलाहकार के रूप में समन्वय अधिकारियों (Liaison Officers) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | समन्वय अधिकारी (Liaison Officer) | 04 |

आयु, अर्हता, चयन प्रक्रिया, पारिश्रमिक, आवेदन का तरीका और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी विवरणों के लिए, कृपया **01 जुलाई 2025** को बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन और दिनांक **05 जुलाई 2025** के एम्पलॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार अंक/अनुवर्ती अंक को देखें।

**महत्त्वपूर्ण तिथियां:**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:** पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन **डाक/कूरियर/हस्त सुपुर्दगी** द्वारा **14 जुलाई 2025** को शाम **06 बजे** तक या उससे पूर्व बोर्ड कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए।

**टिप्पणी:** उपर्युक्त विज्ञापन पर यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर प्रकाशित किया जाएगा।



**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
OFFICE OF THE S.E. (O&M), MADHIKHEDA HYDEL POWER STATION, Madhikheda, Distt. Shivpuri (MP)
E-mail ID : semhps@gmail.com, Phone : 9425318160, Website : www.mppgcl.mp.gov.in

**NOTICE INVITING E-TENDER**

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) | EMD (Rs.) | Tender Cost (Rs.) | Last Date and Time for Closing of Online Submission |
|---|---|---|---|---|
| Painting work in outside/inside face of cut & cover approach, railing of power house/TRC/Flared wall/ intake structure/fencing panel from main gate to Switch yard area and in Switch yard area etc, i/c Civil R&M work of Qtrs. at 3X20MW, MHPS, Madhikheda. Tender ID 2025_MPPGC_398923_1 | 11,68,300/- Including GST | 23,400/- | 1000/- Including GST | 22.07.2025 up to 12:00 hrs. |

For extension & other details, bidders are requested to please visit GoMP e-portal at **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/120888/2025 SAVE ELECTRICITY SE (O&M)


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95